**आयोजन** | शहर में पहली बार मिलिट्री कॉलेज ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट में तीन सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम, 13 देशों के प्रतिनिधि ले रहे भाग

# अवैध हथियारों की आपूर्ति चिंता का विषय : लेफ्टिनेंट जनरल सेठी





**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय सेना ने शांति और निरस्त्रीकरण के वैश्विक प्रयासों को नई दिशा देते हुए जबलपुर स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट में 16 फरवरी से 6 मार्च 2026 तक एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए पहली बार संयुक्त राष्ट्र स्माल आर्म्स एवं लाइट वेपन्स नियंत्रण फैलोशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम की मेजबानी आरंभ की है।

इस तीन सप्ताह के कार्यक्रम में 13 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। यह प्रतिष्ठित फैलोशिप संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण मामलों का कार्यालय द्वारा एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय शांति एवं निरस्त्रीकरण केंद्र के माध्यम से आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और निरस्त्रीकरण प्रयासों को सुदृढ़ करना है। फैलोशिप का शुभारंभ एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक दीपायन बसु राय ने संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण कार्यक्रम की समीक्षा के साथ किया। मुख्य भाषण लेफ्टिनेंट जनरल संजय सेठी (अति विशिष्ट सेवा पदक, विशिष्ट सेवा पदक, पीएचडी) ने दिया। उन्होंने अवैध हथियारों की आपूर्ति से उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए बहुपक्षीय सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया और संयुक्त राष्ट्र ढांचे के अंतर्गत जिम्मेदार हथियार प्रबंधन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

### तकनीकी क्षमता निर्माण पर फोकस

यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र कार्य योजना और अंतरराष्ट्रीय अनुरेखण साधन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सरकारी अधिकारियों की तकनीकी और परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। ये दोनों वैश्विक ढांचे अवैध हथियार व्यापार, हेरफेर और दुरुपयोग को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### भंडार प्रबंधन को सुदृढ़ करने अहम कदम

अवैध छोटे हथियारों और हल्के शस्त्रों का प्रसार विश्वभर में संघर्ष, आतंकवाद और संगठित अपराध का बड़ा कारण रहा है। ऐसे में यह पहल क्षेत्रीय सहयोग, बेहतर अनुरेखण प्रणाली और जिम्मेदार भंडार प्रबंधन को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।





## महाशिवरात्रि के दूसरे दिन भी शहर में भगवान भोलेनाथ की धूम

**भक्तों में दिखा उत्साह, मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब**

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी में महाशिवरात्रि के दूसरे दिन भी भगवान शिव की उपासना का सिलसिला जारी रहा। शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजन, कथा और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्तों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ इन कार्यक्रमों में भाग लिया। दूसरे दिन भी मंदिरों और आयोजन स्थलों में भंडारे और प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। स्थानीय लोगों ने मिल-जुलकर इन धार्मिक आयोजनों को सफल बनाने में योगदान दिया।

### रुद्राभिषेक एवं लघुरुद्र स्वाहाकार यज्ञ

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आदि शंकराचार्य चौक स्थित समन्वय सेवा केंद्र परिसर में विराजमान श्री अमृतेश्वर महादेव मंदिर में महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में रुद्राभिषेक एवं एक कुण्डीय लघुरुद्र स्वाहाकार यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. कैलाश गुप्ता, ज्ञान सनोरिया, उमाकांत मालवीय, डॉ. भारत पवार, देवेंद्र विश्वकर्मा, संदीप पांडे, डॉ. राजेंद्र नेम, एडवोकेट अशोक तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु




राष्ट्रीय बजरंगदल महानगर मंत्री कपिल रैकवार के द्वारा अमखेरा में विशाल भंडारे का आयोजन

### रांझी कैलाश चौक में रुद्राभिषेक

रांझी बस्ती परिसर के कैलाश चौक और मस्ताना चौक में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य आयोजन किया गया। पंडित निरंजन शर्मा द्वारा रुद्राभिषेक और पूजन संपन्न कराया गया। इसके बाद महादेव की विशाल आरती एवं अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंत में भंडारा का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं में निर्मल जैन, किरण राय, अनीता दुबे सहित समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्यलाभ अर्जित किया।

**एक नजर में**

### दो दिनी उर्स आज से, होगा कव्वाली का आयोजन



**नवभारत, जबलपुर।** मोमिनपुरा तलैया गोहलपुर स्थित दरगाह हजरत बहादुर अली शाह रह. अलै. तथा बाबा अब्दुल खालिक रह. अलै. का सालाना दो दिवसीय उर्स आज से प्रारंभ हो रहा है। दरगाह के बब्लू बाबा ने बताया कि सज्जादा इकरार हुसैन रशीदी की सरपरस्ती में आज मंगलवार को प्रातः 11 बजे दरगाह में गुस्ल के बाद दोपहर 3.30 बजे मोमिनपुरा से चादर जुलूस निकाला जाएगा जो गोहलपुर, मंसूराबाद, मच्छ्ली मार्केट, नालबंद मोहल्ला, चार खंभा होते हुए दरगाह पहुंचेगा जहां चादर व गुलपोशी की जाएगी। तदोपरांत सायं 7 बजे से लंगर होगा। रात्रि 11 बजे से महफिलें कव्वाली में मुकामी कव्वाल अपने कलाम पेश करेंगे। उर्स के दूसरे दिन बुधवार को सायं 4 बजे से रंग महफ़िल के कुल होगा तदोपरांत फतेहा के बाद उर्स का समापन होगा। सभी अकीदतमंदों से उपस्थिति की अपील दरगाह कमेटी ने की है।




### गुंजन गीत माला में श्रोता हुए भावविभोर

**नवभारत, जबलपुर।** गीत - संगीत हमारी मानसिक और शारीरिक थकान उतार कर हमें स्फूर्ति प्रदान करते हैं। उपरोक्त आशय के विचार गुंजन कला सदन द्वारा दत्त मंदिर प्रेक्षागृह में आयोजित गीत माला कार्यक्रम में मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के मनभावन गीतों के आयोजन अवसर पर मुख्य अतिथि अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने व्यक्त किए, इन्होंने एक गीत भी गाया। कार्यक्रम में रंग - रंग के फूल खिले हैं.. तुम तो प्यार हो.. मेरे नैना सावन भादों.. चला भी आ आज रसिया.. जैसे 30 से अधिक गीतों को सुनकर दर्शक - श्रोता वाह वाह कर उठे। संध्या जैन के संयोजन में गायक मोहित मिश्रा, गौरव सहगल, राज कौर मल्होत्रा, जूली राठौर, आयशा मजूमदार, राजा हराले, नम्रता जैन, आनंद साहू, थॉमस डिकूज, किशोर ताम्हने, विपिन, मनीष जैन, विजय बैन, गंगा बावरिया, पुरुषोत्तम, मृदुला शर्मा, मदन मराडवार, सुशील श्रीवास्तव, नीरज शुक्ला आदि ने मधुर गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, लायन नरेंद्र जैन, राजेश पाठक 'प्रवीण' हिमांशु तिवारी, विमला श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए अतिथियों के स्वागत से किया। संचालन डॉ. मंजू गोरे ने आभार शिल्पा ताम्हने ने किया।

### रादुविवि में शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स प्रशिक्षण का शुभारंभ



**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के निर्देशन में युवाओं में अनुवाद की कला को प्रोत्साहित करने के लिए पीएम ऊषा कार्यक्रम के तहत सोमवार से अनुवाद पर शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवि छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं संकायाध्यक्ष प्रो. विवेक मिश्र ने कहा कि जल्दी करियर शुरू करने की सोच रहे युवाओं के लिए शॉर्ट-टर्म कोर्स बेहतर ऑप्शन हो सकते हैं। आज के डिजिटल एरा में जॉब ट्रेंड और मार्केट की डिमांड के अनुसार ये शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स जीवन में आगे बढ़ने में सहायक होंगे। विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में 7 दिवसीय अनुवाद का शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16 फरवरी 2026 से 22 फरवरी 2026 तक सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। इसमें हिंदी भाषा और अंग्रेजी भाषा के अनुवाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो भागों में विभक्त कर भाषा विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. अजय शुक्ला एवं डॉ. आशा रानी द्वारा विद्यार्थियों को अनुवाद कला के बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विषय विशेषज्ञों ने अनुवाद की आवश्यकता, विशेषता आदि पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 147 से अधिक संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में डॉ. हरीश यादव, डॉ अभय सिंह डॉ. तरुण राठौर, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. रणवीर कलसी, डॉ. राजुल अग्रवाल, डॉ. रंजीता वैष्णव. श्रीमती संदीपा उपाध्याय, खुशबू सिंह, डॉ. ऋचा दुबे, अशोक दुबे, बृजेश गुमास्ता आदि की उपस्थिति रही।

## शक्ति, ज्ञान एवं करुणा का संगम होता है, तभी नारी 'नारायणी' बनती है




**▸ माता गुजरी महिला महाविद्यालय में नारी तू नारायणी विषय पर प्रेरक व्याख्यान**

**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में डायरेक्टर डॉ. सुनील पाहवा एवं प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'नारी तू नारायणी' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता महिला सेविका समिति की अध्यक्ष सुमेधा पोल तथा विशिष्ट वक्ता मनोवैज्ञानिक एवं समाजसेवी नीलिमा देशपांडे रहीं। स्वागत डायरेक्टर डॉ. पाहवा द्वारा किया गया, जबकि प्रभारी प्रभा पहारिया एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अरुणा पाठक ने अतिथियों का अभिनंदन किया। सुमेधा पोल ने महिलाओं के सात गुण श्री, श्रुति, स्मृति, मुक्ति, क्षमा एवं आत्मसंयम पर प्रकाश डाला। नीलिमा देशपांडे ने कहा कि मुक्ति प्रगति का द्वार है और जब शक्ति, ज्ञान एवं करुणा का संगम होता है, तभी नारी 'नारायणी' बनती है। कार्यक्रम का संचालन सुश्री श्रेया कुररिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रभा पहारिया ने व्यक्त किया। डॉ. अरुणा पाठक ने नारी में दुर्गा, लक्ष्मी एवं सरस्वती के स्वरूप की उपस्थिति पर प्रकाश डाला।

### लगभग 70 छात्राएं रहीं उपस्थित

कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. रीता मुखर्जी, डॉ. पुष्पा रमेश, डॉ. जयश्री जैन, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. स्मृति खुरासिया, डॉ. रिचा राय, डॉ. सविता पहारिया, डॉ. कवलिन कौर, डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. सपना श्रीवास्तव, डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. अंजु मिश्रा, डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. वर्षा दुबे, डॉ. रत्ना वर्मा, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, अर्पिता बनर्जी, इला शुक्ला, कांछी लालन एवं हर्षिता चौरसिया सहित लगभग 70 छात्राएं उपस्थित रहीं। मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

### यूजीसी बिल के समर्थन में सामाजिक संगठन आज सौंपेंगे ज्ञापन

**नवभारत, जबलपुर।** केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप तैयार किए गए यूजीसी बिल के समर्थन में सामाजिक संगठनों द्वारा आज मंगलवार को शाम 3:30 बजे घंटाघर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए, महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अवाक्स, बौद्ध महासभा, अखिल भारतीय ओबीसी महासभा, सर्वजनजाती आदिवासी संगठन, वकील संगठन सहित कई प्रमुख सामाजिक संगठन कार्यक्रम में भाग लेंगे। आयोजक देवेश चौधरी, रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, वृंदावन वर्मा, मनोज बाघमारे, तरुण रोहतास, तेज कुमार, इंद्र कुमार पटेल, नोखेलाल प्रजा, छोटे पटेल, रामराज पटेल, सुधीर नदेकर, धर्मेंद्र कुशवाहा, विनय भगत, संजय सेन, संतोष मराठा ने उपस्थिति की अपील की है।



## 1008 श्रद्धालुओं की तीर्थयात्री ट्रेन पहुंची जबलपुर रेलवे स्टेशन

**स्थानीय जैन समाज ने किया ऐतिहासिक अभिनंदन**

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी में उस समय भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब मुंबई से रवाना हुई 'श्री विद्या समय शिखरजी यात्रा 2026' की विशेष तीर्थयात्री ट्रेन प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 पर पहुँची। विद्या समय संस्कार सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस 3800 किलोमीटर लंबी यात्रा में देशभर से 1008 श्रद्धालु शामिल हैं। 15 फरवरी को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से हरी झंडी दिखाकर रवाना हुई इस ऐतिहासिक यात्रा का जबलपुर आगमन पर स्थानीय जैन समाज ने भव्य स्वागत किया। यात्रा का सबसे भावुक क्षण तब आया जब श्री दिगम्बर जैन संरक्षिणी सभा एवं श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ भगवान आदिनाथ की प्रतिमा प्लेटफॉर्म पर विराजमान कराई। स्टेशन परिसर में प्रभु के विहार और दर्शन से यात्री भावविभोर हो उठे। दोनों सभाओं के प्रतिनिधियों ने फाउंडेशन के निदेशकों और कार्यकर्ताओं का तिलक एवं अंगवस्त्र से सम्मान किया। यात्रा की विशेषता यह है कि संपूर्ण आयोजन एक गुरुभक्त श्रावक श्रेष्ठी परिवार द्वारा गुप्त दान स्वरूप प्रायोजित है, जबकि फाउंडेशन के कार्यकर्ता यात्रियों की सेवा में सतत सक्रिय हैं।



### धर्म प्रभावना के लिए सम्मानित हुए दीपक जैन

**नवभारत, जबलपुर।** विगत चार दशकों से सर्वोदय अहिंसा की पवित्र भावना को लेकर जीव रक्षा, पर्यावरण संरक्षण के साथ सम्पूर्ण विश्व में परम पवित्र जिनधर्म की मंगल प्रभावना के लिए जिनशासन सेवक दीपक राज जैन को संस्कारधानी जबलपुर में हुए वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों सहित वेदी सूतन कर्ता रामडिम मूरी परिवार, श्रीमंत विकास समैया खुरई, राकेश जैन रायसाव बांदा, पंकज जैन गंज बासौदा, राजेश जैन ग्यारसपुर, आभास जैन गुरैया, ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश समैया, शरद समैया पुखराज, सीए राहुल जैन, राजू परासिया, मनोज जैन मंटू कुंडा वाले, पं,. संतोष जैन भाईजी, जतिन समैया, प्रियंक समैया, राजेश दिगंबर, भूपेंद्र जैन तारण टीवी ने उनका अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी। समाज सेवी दीपक राज जैन का कहना है कि यह सम्मान उनका नहीं अपितु जिनशासन की मंगल प्रभावना सहित सम्माननीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्रिंट मीडिया का सम्मान है जो विगत चार दशकों से धर्म प्रभावना हेतु सहयोग कर रही है, जिसके लिए उन्होंने सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए आगे भी इसी तरह सहयोग करते




### जनगणना पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज से

नवभारत, जबलपुर। जनगणना-2027 की चल रहा तैयारियों के तहत दो दिनों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण 17 और 18 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, ग्रामीण क्षेत्र के सभी चार्ज अधिकारी एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी तथा प्रत्येक चार्ज के एक-एक जनगणना लिपिक को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## साहित्य एक साधना, जो जीवन को समाज के सम्मुख जोड़ती है



**पाथेय संस्था द्वारा 27 कृतियों का भव्य विमोचन**

**नवभारत, जबलपुर।** कला, साहित्य और संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में 27 कृतियों का भव्य विमोचन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में अंबर स्वामी 'अनंत' (गाडरवारा) की तीन, वंदना सोनी 'विनम्र' की बारह तथा विजय बेशर्म की बारह कृतियों का लोकार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे ने पौराणिक संदर्भों की चर्चा करते हुए अहिल्या के तप और त्याग पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहे कुशलेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि साहित्य एक साधना है, यह साधना जीवन को प्रायोगिक रूप से समाज के सम्मुख जोड़ती है। सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ. पी.एस. बिंद्रा (भोपाल) एवं डॉ. अरुण कुमार तिवारी (प्राचार्य, नवोदय विद्यालय) उपस्थित रहे। संयोजक राजेश पाठक 'प्रवीण' ने सभी 27 कृतियों के मूल भाव पर समीक्षात्मक टिप्पणी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण' ने तथा आभार प्रदर्शन यशोवर्धन पाठक ने किया। इस अवसर पर मीना भट्ट (सेवानिवृत्त जज), डॉ. अरुणा पांडे, सुशील श्रीवास्तव, गणेश प्यासा, संगम त्रिपाठी, मनोहर चौबे, डॉ. सलमा जमाल, डॉ. छाया सिंह, दीपक तिवारी, प्रभा विश्वकर्मा, तरुणा खरे, मीना पाठक, ज्योति प्यासी सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। समारोह में डॉ. श्रीनिवास मिश्र (प्राचार्य, नवोदय विद्यालय), दीपचंद विनोदिया, ध्यानसिंह कोरब, अमित सिंह, पोशराज अकेला, आरती श्रीवास्तव, बृज बिहारी सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### इनका हुआ सम्मान

समारोह में वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सिंह (प्रयागराज), सुरेश सोनी (जबलपुर), हरीश कुमार कोरी (गाडरवारा) एवं अर्चना द्विवेदी को उनकी बहुआयामी उपलब्धियों के लिए राजेश सोनी, राजेंद्र मिश्रा, मनोज शुक्ला, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, गुप्तेश्वर गुप्त, गणेश प्यासा, संतोष नेमा एवं तरुणा खरे द्वारा सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम** | शिवमय हुआ सैम सीनियर सिटिजन क्लब का सांस्कृतिक महोत्सव

## तीन घंटे तक सीनियर सिटीजन की शिवभक्ति, तांडव की प्रस्तुति



**नवभारत, जबलपुर।** सैम सीनियर सिटिजन क्लब के कलाकारों ने में तीन घंटे तक अपनी शानदार प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विंग कमांडर चंदन शर्मा ने शिव के वेश में तांडव नृत्य प्रस्तुत किया। शिवजी की बारात आगमन पर प्रभा बच्चन श्रीवास्तव और राजकुमारी रैकवार ने बधाई गीत गाकर स्वागत किया। प्रसिद्ध गायक मधुसूदन एवं उनके समूह ने 'शंकर मेरे, कब होंगे दर्शन तेरे' गीत से माहौल को तालियों से गूँजित कर दिया। सदस्यों ने वेलेंटाइन डे की प्रस्तुतियाँ भी दीं। इसमें रश्मि विजय श्रीवास्तव ने 'आ लग जा गले दिलरुबा', सुनीता चौहान एवं अभिनेता लक्ष्मण सिंह चौहान ने 'ओ मेरी जौहरा जबिन', पुष्पा अजय श्रीवास्तव और अमरजीत सिंह ने अपनी प्रस्तुतियाँ दी। साथ ही, वरिष्ठ कलाकारों ने भी शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। इनमें 80 वर्षीय उर्मिला श्रीवास्तव, 75 वर्षीय माया गुप्ता, आरती जायसवाल, सुनीता मेहंदीदत्ता और रचना सक्सेना

### ये रहे उपस्थित

आयोजन के संयोजक जादूगर एस.के. निगम और जसबीर चोपड़ा रहे। इस अवसर पर रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक गोपाल खांडेल, समाजसेवी अनूप खरे, अधिवक्ता समैया और सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्निर दिनेश स्थापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज शुक्ला और बच्चन श्रीवास्तव ने किया।



### मास्टरिंग फेटल रेडियोलॉजी राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्‌घाटन

**नवभारत, जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजी - नेशनल आउटरीच प्रोग्राम' का आयोजन इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन आईआरआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुष्पराज भटेले ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. नवनीत सक्सेना ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ डॉ. संदीप कावठाले, डॉ. गुरदीप सिंह, डॉ. मुरली कृष्णा, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. संजय मिश्रा एवं डॉ. अमरनाथ चेल्लाथुराई उपस्थित रहे। आयोजन में रेडियोडायग्नोसिस विभागाध्यक्ष डॉ. संजय पांडेय, डॉ. नरेन्द्र पटेल, डॉ. देवाशीष मिश्रा एवं डॉ. विशाल राठौर का विशेष सहयोग रहा। साथ ही आईआरआईए मध्यप्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक साहू एवं आईआरआईए अध्यक्ष डॉ. प्राची सक्सेना की उपस्थिति रही। महाकोशल क्षेत्र के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अरविन्द जैन, डॉ. आर.के. अग्रवाल, डॉ. आर.के. सक्सेना, डॉ. नरेन्द्र खरे, डॉ. अनिल वाटवे, डॉ. अखिलेश गुप्ता, डॉ. माशू नील दुबे, डॉ. अमोल पोले एवं डॉ. हर्षित कोष्टा के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। विशेषज्ञों ने गर्भावस्था की प्रारंभिक अवस्था में भ्रूण असामान्यताओं की पहचान में प्रथम तिमाही अल्ट्रासोनोग्राफी की महत्ता पर प्रकाश डाला।